भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. 2608
सोमवार, 9 मार्च, 2026/18 फाल्गुन, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**एसएएससीआई के अंतर्गत पर्यटन स्थलों का विकास**

**2608. डॉ. संबित पात्रा:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) योजना के अंतर्गत सांस्कृतिक महत्व के उन कम ज्ञात स्थलों के विकास के लिए कोई योजना बनाई है, जहां पर्यटकों के लिए परिवहन और आवास की कोई सुविधा नहीं है;

(ख) क्या सरकार ने ऐसे महत्वपूर्ण स्थलों की पहचान कर पर्यटन के दृष्टिकोण से उनकी सूची तैयार की है, यदि हां, तो राज्य/संघ राज्यक्षेत्रवार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त सांस्कृतिक पर्यटन स्थलों के विकास के लिए सरकार द्वारा किए गए बजट प्रावधान का ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार ने ऐसे सांस्कृतिक पर्यटन स्थलों के कारण रोजगार सृजन और स्थानीय अर्थव्यवस्था में वृद्धि का कोई आकलन/अध्ययन किया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (घ): पर्यटन का विकास और संवर्धन, जिसमें रोजगार सृजन का आकलन भी शामिल है, मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। देश में प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों का विकास करने के उद्देश्य से, पर्यटन मंत्रालय ने 'पूंजी निवेश हेतु राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई)' योजना के तहत विस्तृत परियोजना रिपोर्ट के प्रारूप के साथ-साथ परिचालन दिशानिर्देश जारी किया है। इस योजना का उद्देश्य सतत पर्यटन परियोजनाओं के माध्यम से स्थानीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि सुनिश्चित करना और रोजगार के अवसरों का सृजन करना है।

दिशा-निर्देशों के अनुसार, योजना के तहत राज्यों को वित्तीय सहायता प्रदान करने हेतु राज्य सरकारों से प्रस्ताव आमंत्रित किए गए थे। राज्यों द्वारा प्रस्तुत विस्तृत परियोजना रिपोर्टों (डीपीआर) की जांच के लिए निर्धारित मापदंडों में स्थल तक कनेक्टिविटी, स्थल/गंतव्य पर मौजूदा पर्यटन

पारिस्थितिकी तंत्र, वहन क्षमता, जन सुविधा सेवाओं की उपलब्धता, परियोजना का प्रभाव और परिकल्पित वैल्यू कवर किए गए थे, जिनमें पर्यटकों की संख्या में अपेक्षित वृद्धि, पर्यटकों द्वारा किए जाने वाले खर्च में वृद्धि, रोजगार के नए अवसर, निजी निवेश को आकर्षित करना आदि शामिल थे। तदनुसार, वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारत सरकार द्वारा इस योजना के तहत ₹3295.76 करोड़ की राशि से 100% केंद्रीय निधि से 40 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई, जिनमें सांस्कृतिक महत्व के स्थल भी शामिल हैं। इन परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

*****

**अनुबंध**

डॉ. संबित पात्रा द्वारा एसएएससीआई के अंतर्गत पर्यटन स्थलों के विकास के संबंध में दिनांक 09.03.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या 2608 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

**राज्यों को पूंजी निवेश हेतु विशेष सहायता (एसएएससीआई योजना) - वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों का विकास के तहत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:**

| क्र. सं. | राज्य | स्वीकृति वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | 2024-25 | गंडीकोटा में फोर्ट एवं गोर्ज एक्सपीरियंस का संवर्धन | 77.91 |
| 2. | आंध्र प्रदेश | 2024-25 | राजा महेंद्रवरम में अखंड गोदावरी- (हवेलोक ब्रिज और पुष्कर घाट) | 94.44 |
| 3. | अरुणाचल प्रदेश | 2024-25 | पासीघाट में सियांग एडवेंचर और इको-रिट्रीट | 46.48 |
| 4. | असम | 2024-25 | गुवाहाटी में असम राज्य चिड़ियाघर-सह-वनस्पति उद्यान | 97.12 |
| 5. | असम | 2024-25 | शिवसागर में रंग घर का सौंदर्यीकरण | 94.76 |
| 6. | बिहार | 2024-25 | सहरसा में मत्स्यगंधा झील का विकास | 97.61 |
| 7. | बिहार | 2024-25 | करमचट में करमचट इको-पर्यटन और एडवेंचर हब | 49.51 |
| 8. | छत्तीसगढ़ | 2024-25 | रायपुर में चित्रोत्पला फिल्म सिटी का विकास | 95.79 |
| 9. | छत्तीसगढ़ | 2024-25 | रायपुर में जनजातीय और सांस्कृतिक सम्मेलन केंद्र का विकास | 51.87 |
| 10. | गोवा | 2024-25 | पोंडा में छत्रपति शिवाजी महाराज संग्रहालय | 97.46 |
| 11. | गोवा | 2024-25 | पोरवोरिम में टाउनस्क्वेयर | 90.74 |
| 12. | गुजरात | 2024-25 | केरली (मोकरसागर), पोरबंदर में इको-पर्यटन गंतव्य | 99.50 |
| 13. | गुजरात | 2024-25 | धोर्डो में टेंटेड सिटी और कन्वेंशन सेंटर | 51.56 |
| 14. | झारखंड | 2024-25 | कोडरमा में तिलैया का इको-पर्यटन विकास | 34.87 |
| 15. | कर्नाटक | 2024-25 | रोएरिच और देविका रानी एस्टेट तातागुनी, बेंगलुरु में इको पर्यटन और सांस्कृतिक केंद्र | 99.17 |
| 16. | कर्नाटक | 2024-25 | बेलगावी में सवादत्ती यल्लम्मागुड्डा का विकास | 100.00 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 17. | केरल | 2024-25 | कोल्लम में अष्टमुडी जैव विविधता और इको मनोरंजन केंद्र | 59.71 |
| 18. | केरल | 2024-25 | सरगालया में मालाबार के सांस्कृतिक क्रूसिबल का ग्लोबल गेटवे | 95.34 |
| 19. | मध्य प्रदेश | 2024-25 | ओरछा एक मध्यकालीन वैभव, ओरछा | 99.92 |
| 20. | मध्य प्रदेश | 2024-25 | भोपाल में एमआईसीई के लिए अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर | 99.38 |
| 21. | महाराष्ट्र | 2024-25 | सिंधुदुर्ग में आईएनएस-गुलदार अंतर्जलीय संग्रहालय, कृत्रिम चट्टान और पनडुब्बी पर्यटन | 46.91 |
| 22. | महाराष्ट्र | 2024-25 | नासिक में राम-काल पथ का विकास | 99.14 |
| 23. | मणिपुर | 2024-25 | लोकटक में लोकटक लेक एक्सपीरियंस | 89.48 |
| 24. | मेघालय | 2024-25 | मावखानू में एमआईसीई अवसंरचना | 99.27 |
| 25. | मेघालय | 2024-25 | शिलांग में उमियम झील का पुनर्विकास | 99.27 |
| 26. | ओडिशा | 2024-25 | हीराकुंड का विकास | 99.90 |
| 27. | ओडिशा | 2024-25 | सतकोसिया का विकास | 99.99 |
| 28. | पंजाब | 2024-25 | एसबीएस नगर में खटकर कलां में शहीद-ए-आजम, सरदार भगत सिंह को श्रद्धांजलि के रूप में हेरिटेज स्ट्रीट का विकास | 53.45 |
| 29. | राजस्थान | 2024-25 | जयपुर में आमेर-नाहरगढ़ एवं आसपास के क्षेत्र का विकास | 49.31 |
| 30. | राजस्थान | 2024-25 | जयपुर में जल महल का विकास | 96.61 |
| 31. | सिक्किम | 2024-25 | नामची में स्काईवॉक, भालेढुंगा, यांगांग | 97.37 |
| 32. | सिक्किम | 2024-25 | नाथुला में बॉर्डर एक्सपीरियंस | 68.19 |
| 33. | तमिलनाडु | 2024-25 | मामल्लापुरम में नंदवनम हेरिटेज पार्क का विकास | 99.67 |
| 34. | तमिलनाडु | 2024-25 | ऊटी में रेस कोर्स में इको पार्क | 70.23 |
| 35. | तेलंगाना | 2024-25 | रामप्पा में रामप्पा क्षेत्र स्थायी पर्यटन परिपथ | 73.74 |
| 36. | तेलंगाना | 2024-25 | नल्लामाला में सोमसिल्ला निरोगता और आध्यात्मिक रिट्रीट | 68.10 |
| 37. | त्रिपुरा | 2024-25 | गोमती के बंडुआर में शक्ति पीठ पार्क | 97.70 |
| 38. | उत्तर प्रदेश | 2024-25 | आगरा जिले में बटेश्वर का विकास | 74.05 |
| 39. | उत्तर प्रदेश | 2024-25 | श्रावस्ती में एकीकृत बौद्ध पर्यटन विकास | 80.24 |
| 40. | उत्तराखंड | 2024-25 | प्रतिष्ठित शहर ऋषिकेश: ऋषिकेश में राफ्टिंग बेस स्टेशन | 100.00 |
| | | | **कुल** | **3295.76** |

*****